जनजातीय गौरव एवं श्रीअन्न-पोषक अनाज की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

भगवान बिरसा मुंडा की सात फिट ऊंची प्रतिमा स्थापित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट-मझगवां 18 नबम्बर। दीनदयाल शोध संस्थान एवं जय बिरसा मुंडा ग्रामीण विकास शोध समिति बांका द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती वर्ष पर मझगवां जनपद के जनजातीय बाहुल्य ग्राम बांका में कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी मंगलवार को मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं भारत सरकार के जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना द्वारा बिरसा मुंडा जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया।

राज्यपाल एवं केन्द्रीय मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने प्रतिमा स्थल परिसर में हरिशंकरी वाटिका और अन्य वृक्षों का किया गया रोपण-इस दौरान ग्राम बांका में प्रतिमा स्थल परिसर में राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल एवं केन्द्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उइके द्वारा पीपल, बरगद, पाकर तीनों वृक्षों का रोपण कर हरिशंकरी वाटिका की स्थापना की गई वहीं दूसरी ओर अन्य अतिथियों ने गूलर, नीम के वृक्षों का रोपड़ किया।

जनजातीय गौरव एवं श्रीअन्न-पोषक अनाज व कृषि की संकटग्रस्त प्रजातियों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र-ग्राम बांका में स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान एवं जनजातीय गौरव की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें जनजाति समूह के सभी प्रमुख नायकों का जीवन वृत्त प्रदर्शित किया गया, साथ ही भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन चरित्र पर एक भव्य प्रदर्शनी लगाई गई।

कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां एवं गनीवां द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के प्रदर्शन के साथ श्री अन्न के मूल्यवर्धित व जैविक कीटनाशकों का प्रदर्शन, मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद एवं जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट तथा उद्यमिता विद्यापीठ द्वारा आत्मनिर्भर तथा स्वावलम्बी बनाने हेतु संचालित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी के साथ साथ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाये गए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। कृषक उत्पादक संगठन के द्वारा तैयार उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग आरोग्यधाम, रसशाला द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई गई।

7 फीट ऊंची प्रतिमा की मौलिकता यथार्थ वादी भावों को करती है- प्रदर्शितभगवान बिरसा मुंडा की 7 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा माँ भारती पुनीत विचारों एवं शौर्य क्रांतिकारी ऊर्जा से ओतप्रोत जनजातीय भारतीय समरसता के प्रतीक के रूप में तैयार की गई है, जो भाई चारे की भावना प्रदान करेगी। यह प्रतिमा आधुनिक फाइबर ग्लास मटेरियल से बनी हैं। यह प्रतिमा अभय महाजन संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान के कुशल मार्गदर्शन में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के प्राध्यापक डॉ राकेश कुमार मौर्य एवं शिष्यवत सानिध्य मास्टर आफ फाइन आर्ट्स के छात्र पुष्पेंद्र राजपूत व सुरेश कुशवाह द्वारा निर्मित की गई। प्रतिमा की मौलिकता यथार्थ वादी भावों को प्रदर्शित करती है।

मझगवां। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सतना जिले के ग्राम पंचायत बांका में जनजातीय समुदाय के साथ सहभोज किया।

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ

- आधुनिक फाइबर ग्लास मटेरियल से बनी प्रतिमा को दिया गया शौर्य क्रांतिकारी ऊर्जा से ओतप्रोत बेहद आकर्षक रुप
- बिरसा मुंडा जी के जीवन से जुड़े विभिन्न छुए-अनछुए पहलुओं का ग्राम बांका में देखने को मिला प्रदर्शन।
- जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को समर्पित रहा कार्यक्रम
- 50 हजार स्क्वायर फीट में बनाया गया सभा मंडप, कार्यक्रम में जनजातीय समाज का दिखा प्रतिनिधित्व।
- परिसर में जनजातीय गौरव एवं पोषक अनाजों पर लगाई गई आकर्षक प्रदर्शनी।
- प्रवेश स्थल पर आगंतुकों का पेठा से मुंह मीठा करके तिलक एवं गमछा पहनाकर स्वागत के साथ दिया गया प्रवेश।
- मुख्य मंच के बाएं तरफ बना था संत समाज का मंच और दाएं तरफ था सांस्कृतिक मंच, जहां से जनजातीय विरासत एवं परंपरा को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति।
- कार्यक्रम के उपरांत हुआ सहभोज का आयोजन, हजारों की तादात में आए वनवासी बंधुओं एवं दूर-दराज से आए लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण।

शराब दुकान में नहीं चस्पा रेट सूची,चल रही ओवर रेटिंग

नवभारत न्यूज

रामनगर 18 नवम्बर।कंपोजिट अंग्रेजी एवं देसी शराब दुकान रामनगर लाइसेंसी ठेकेदार ओम साइ ट्रेडर्स रामनगर के द्वारा 6 से 7 महीने बीत जाने के बाद आज दिनांक तक अंग्रेजी व देशी शराब की रेट सूची दुकान में चश्पा नहीं की गई ।

जिससे ग्राहकों से 150 रुपए से 250 रुपए ओवर रेट बेंती जा रही है। इस कारण शूरा प्रेमियों और सेल्समैनों से प्रतिदिन विवाद होता है और ठेकेदार के गुर्गे ग्राहकों के साथ मारपीट तक करते हैं फिर भी आबकारी विभाग ठेकेदार पर मेहरबान है। ओम साई ट्रेडर्स के पास शराब की पांच दुकानों हैं सब जगह यही हाल है आखिर कब होगी कार्यवाही या आबकारी विभाग को चढ़ावा पहुंच रहा है।

सीएससी के मुख्य गेट में अतिक्रमण से हो रहे अव्यवस्था, फैलती है गंदगी

नवभारत न्यूज

कोठी 18 नवम्बर। कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट में बेजा अतिक्रमण है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है मुख्य गेट के बगल से अतिक्रमणकारियों ने दीवाल खड़ी कर दी है साथ ही पैदल आने जाने वालों का गेट भी बंद कर दिया गया है।

छोटे गेट के सामने बड़ी गोमती रख दी गई है जिससे वह गेट पूर्ण रूप से बंद है जिसकी वजह से मुख्य गेट को 24 घंटे खुला रखना पड़ता है जिससे अनावश्यक रूप से लोगों के वाहन भी आकर खड़े होते हैं साथ ही आवारा पशु आकर अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाते हैं जिससे साफ सफाई में भी व्यवधान उत्पन्न होता है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सफाई कर्मियों ने बताया कि एक तो पहले से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मियों की कमी है और आवारा जानवरों की वजह से जगह-जगह गंदगी फैलती है क्योंकि आवारा पशु पूरे अस्पताल परिसर में मल मूत्र कर गंदगी फैलाते हैं जिससे सफाई में काफी व्यवधान उत्पन्न होता है क्योंकि अस्पताल परिसर पहले से ही काफी बड़ा है और सफाई कर्मी कम है सफाई कर्मियों ने इस विषय पर ध्यान दिए जाने की बात कही है और कहा है की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी कोठी को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए जिससे व्यवस्था में सहयोग प्रदान हो सफाई कर्मियों ने कहा कि यदि मुख्य गेट को रात में बंद कर दिया जाए क्योंकि अस्पताल में दो गेट हैं जो दोनों 24 घंटे खुले रहते हैं जिससे आवारा पशु आना स्वाभाविक है यदि एक गेट को बंद कर दिया जाए और एक गेट में सुरक्षा कर्मी निर्धारित कर दिया जाए साथ ही छोटे गेट को भी चालू करवाया जाए तो यह समस्या कम हो जाएगी जो सुरक्षा कर्मी है भी वह दिन में रहता है रात में कोई रहता नहीं और जो दिन में रहता भी है वह गेट में नहीं रहता वह अस्पताल के स्टाफ के अन्य निजी कार्यों में बिजी रहता है जिससे अवस्थाएं फैलती हैं सहयोग कोई नहीं करता ना ही कोई गाइडेंस,,, सफाई कर्मी बच्चा मलिक ने बताया कि पिछले दिनों पांच सफाई कर्मी भर्ती किए गए थे फिर भी वह आज तक सफाई में सहयोग नहीं किया उसके बाद उन पांच कर्मियों मे तीन को दूसरे विभाग में शिफ्ट कर दिया गया और शेष दो लोगों को सफाई में भेज दिया गया परंतु वह भी सहयोग नहीं करते और आवारा पशु है तो पूरे अस्पताल परिसर में घूमते हैं,,, वही अमर मलिक जो दूसरे सफाई कर्मी है उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में सफाई कर्मियों की कमी की वजह से हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है आवारा पशु अलग से गंदगी फैला देते हैं जिससे उससे गंदगी को साफ करने में भी काफी समय नष्ट होता है जिससे अन्य व्यवस्थाएं बिगड़ती हैं इस विषय में कोई पहल नहीं कर रहा,,इस विषय में जब कोठी स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डॉक्टर अलका माहुले जी से बात की गई और कहा गया कि यदि इन अवस्थाओं में आप जरा भी दिलचस्पी दिखा दें तो व्यवस्थाएं सही हो सकती हैं क्योंकि अस्पताल परिसर में पहले से ही ढेर सारी अव्यवस्थाओं का अंबार है साथ ही सफाई कर्मी भी कम है यदि गेट में सुरक्षाकर्मी हो जाएगा और जो गेट खुला है।

उसे रात में बंद रखा जाएगा और बेजा अतिक्रमण को हटा दिया जाएगा तो यह समस्या कम हो सकती है जिससे अस्पताल परिसर में आने वाले लोगों को असुविधा कम होगी साथ ही साफ सफाई रहेगी एवं सुंदरता भी दिखेगी क्योंकि इसमें पैसा तो खर्च ही हो रहा है और कर्मचारी भी मौजूद हैं सभी इधर-उधर समय काटते हैं तब उन्होंने कहा कि मैं दिखवाती हूं

एक नजर में

मुख्यालय सहित सभी थानों में हुई जनसुनवाई

मैहर । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आमजन की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए प्रत्येक आवेदन पर त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए किए। इसके साथ ही एसडीओपी अमरपाटन श्रीमति ख्याति मिश्रा एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थानों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। एवम जनसुनवाई में आए आवेदकों को सुना जाकर उनकी समस्या का यथासंभव निराकरण किया गया।

नागौद में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आज

नागौद । नागौद विधानसभा क्षेत्र का भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन 19 नवंबर बुधवार को नागौद में आयोजित हो रहा है। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव होंगे। सम्मेलन दोपहर 1बजे से बरकोनिया मंदिर परिसर, नागौद में होगा। पूर्व मंत्री और विधायक नागेन्द्र सिंह ने कहा है कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा व संगठन शक्ति को मजबूत बनाने वाला यह सम्मेलन आप सभी की सहभागिता से सफल होगा। आइए, बड़ी संख्या में शामिल हों।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज मैहर आएंगे

मैहर। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय प्रभारी मंत्री जिला सतना 20 नवम्बर 2025 गुरुवार को मैहर आगमन प्रातः 11 बजे प्रस्तावित है। श्री विजयवर्गीय मां शारदा की पावन नगरी मैहर स्थित श्री राम जानकी मंदिर, बड़ा अखाड़ा में आयोजित शिवशक्ति महायज्ञ में वे सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत मंत्री जी मैहर एवं आसपास के क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा और जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट,स्थानीय समस्याओं एवं जन अपेक्षाओं पर चर्चा किए जाने का कार्यक्रम है। नगर पालिका अध्यक्ष मैहर श्रीमती गीता सोनी और सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं, सम्मानित नागरिकों एवं पदाधिकारियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

निकाह कबूल कर 5 जोड़ों ने की नई जिंदगी की शुरुआत

उचेहरा । जनपद के कुलगढ़ी में इस्लामिया कमेटी बीते 7 वर्ष से सामूहिक विवाह का इस तरह से आयोजन किया जा रहा है जिसमे कमेटी द्वारा हर तरह के उपहार परिणय बंधन में बंधने वाले जोड़ो को दिया जाता है ।इस वर्ष 5 जोड़ो का रस्मो-रिवाज के साथ सामूहिक विवाह कराया गया जिसमे रूकसार बी ने तनबीर अहमद सबिया, मो.वाहिद,सूफिया राइन मो.अरमान, सबीना फातिमा ने मो.नसीरुद्दीन, मुसादिक मेवेगर ने मो उमर कादरी से साथ निकाह कबूल कर अपनी नई जिंदगी की शुरुआत की। कमेटी के करामत अली ने अनुसार सामूहिक विवाह सम्मेलन की समस्त तैयारियां कमेटी खुद करती है और मेहमानों के रहने और भोजन की व्यवस्था भी कमेटी के द्वारा की जाती है। निकाह के जोड़ो को गृहस्थी का पूरा सामान तोहफे के रूप में प्रदान किया जाता है।

चित्रकूट में 17 दिसम्बर से होने जा रहे 151 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां हुई तेज

विधायक अविनाष चंद्र द्विवेदी को संयोजक डा0रामनाराण त्रिपाठी ने किया आमंत्रित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 18 नवम्बर। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट स्थित गायत्री षक्ति पीठ में वंदनीया माता जी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य पर 17से 20दिसंबर तक आयोजित होने वाले 151 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ की तैयारियां तेज हो गई है। सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट के व्यवस्थापक डॉ राम नारायण त्रिपाठी ने जिले के मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाष चंद्र द्विवेदी को पत्रक सौपकर महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया।

गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट के व्यवस्थापक डॉ राम नारायण त्रिपाठी ने बताया कि 17 दिसम्बर से हो जा रहे महायज्ञ के लिए विशिष्ट 16समितिओं का गठन किया गया है। अश्वमेध महायज्ञ की कलश यात्रा तथा हिन्दू संगम की कलश यात्रा चित्रकूट गायत्री परिवार के संयोजन में बहनों के माध्यम से ऐतिहासिक रही है। पुनः एक बार इस विराट यज्ञ की कलश यात्रा भी एक अद्भुत बनाने समिति बनाई गयीं है जो तत्परता के साथ विद्यालयों, माता बहनों और विभिन्न प्रकार की झांकीओ, लोकनृत्य का समावेश हो यात्रा प्रेरक बने यह प्रयास होगा। धर्म संस्कृति और संस्कारों के साथ समाज में समरसता का व्यापक वातावरण बने इसी प्रयोजन से गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार द्वारा किया जाता है। इक्कीसवीं सदी नारी सदी है वंदनीया माता जी नारी उत्कर्ष की सृजेता है इसलिये नारी महाशक्ति को विशाल मात्रा में शामिल करा उनकी जन्म शताब्दी में सच्ची श्रद्धांजलि हमारी बहने देने कृत संकल्प है।

कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए चित्रकूट के पूज्य संत, गायत्री परिवार के सदस्यों,आश्वमेधिक जनपदों के सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओ के साथ साथ जनप्रतिनिधि,समाजसेवी जन हजारों लोग जुटे हुए है।

पीएम श्री विद्यालय में केक काटकर मनाया गया बाल दिवस

नवभारत न्यूज

अमदरा 18 नवम्बर। स्थानीय शासकीय पीएम श्री विद्यालय पाला में विगत दिवस बाल दिवस का त्योहार हर्ष के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 के बच्चों का बैगलेस दे भी रहा ,सर्वप्रथम विद्यालय के सभी बच्चों का तिलक, पुष्प वर्षा तथा बैंड बाजा के साथ प्राचार्य एवं सभी शिक्षक साथियों ने बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराया।

तत्पश्चात शिक्षकों ने प्रार्थना कराई तथा बच्चों को चाचा नेहरू एवं बाल दिवस से संबंधित सामान्य जानकारी से अवगत कराया इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने चाचा नेहरू की प्रतिमा पर पूजा वंदना भी की ,बच्चों का स्वागत बंधन हुआ इसके पश्चात बच्चों ने पौधारोपण किया ,विभिन्न खेलो का आनंद लिया तथा मध्यान अवकाश के उपरांत बच्चों के बीच विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

, जिसमें छात्राएं विजई रही इसके बाद कुछ बच्चों को विद्यालय की तरफ से ठंड के वस्त्र भेंट किए गए तथा अंत में सामूहिक समोसा पार्टी विद्यालय की तरफ से बच्चों को दी गई जिसमें शिक्षक साथियों ने अपने बच्चों को समोसे परोसते हुए सभी साथ में मिलकर समोसा पार्टी का आनंद लिए इस प्रकार विद्यालय में बाल दिवस का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया ।साथ ही विधायक मैहर श्री श्रीकांत चतुर्वेदी जी का सौहार्दपूर्ण विद्यालय का भ्रमण एवं जिम सामग्री का उद्घाटन का सोमवार को किया गया जहां काफी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्टॉप के लोग उपस्थित रहे

नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 18 नवम्बर। जिला प्रशासन मैहर के निर्देशानुसार मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपाटन वेदमणि मिश्रा के मार्गदर्शन एवं श्रीमती शोभा तिवारी के संयोजन से दिनांक 18.11.2025 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन में नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम शुरुआत में श्रीमती शोभा तिवारी द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए यह बताया कि नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दिनांक 13 अगस्त से निरंतर समस्त ग्राम पंचायतों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जन जागरूकता कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित किए जा रहे थे आज जनपद स्तरीय समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।समस्त छात्र छात्राओं को नशामुक्ति शपथ एवं ई-शपथ दिलाई गई ।

नागौद पुल जगह जगह हो चुका है जर्जर

नागौद। एन एच 39 में स्थित नागौद बल्लादहार पुल जर्जर हो चुका है जगह जगह से जीर्ण शीर्ण चुका है ।सी एम को आने को लेकर जगह जगह थीगडी लगाई जा रही है लेकिन एन एच के गड्ढों और पुलों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है एन एच प्रशासन को शायद बड़े हादसे का इंतजार है।

बिरसा मुंडा जयंती पर भरगवां में हुआ भव्य कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

हिरौंदी 18 नवम्बर । भरगवां में बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन मझगवां और वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण एवं विकास शोध समिति ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में आदिवासी और अन्य समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वन विभाग द्वारा आदिवासियों की जमीन पर किए जा रहे प्लांटेशन के खिलाफ एकजुट होकर विरोध करना और अपने हक अधिकार को बचाना था। आदिवासी गानों और सांस्कृतिक नृत्यों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया और जीएसयू की टीम ने समाज को अपनी संस्कृति की ओर वापस मुड़ने और अपनी संस्कृति को बढ़ाने के लिए जोर दिया।

कार्यक्रम से समाज को एकता का महत्व- आदिवासी समुदाय को एकजुट होने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया गया। संस्कृति का संरक्षण-

आदिवासी गानों और सांस्कृतिक नृत्यों ने समाज को अपनी संस्कृति की ओर वापस मुड़ने और अपनी संस्कृति को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। शोषण के खिलाफ लड़नाई- समाज को हर शोषण के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ने का आह्वान किया गया। नशे से मुक्ति- नशे से दूरी बनाने और नशे का बहिष्कार करने पर जोर दिया गया। बिरसा मुंडा के आदर्शों का पालन - युवाओं ने बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलकर जोश और जुनून के साथ समाज को मजबूत करने और आगे ले जाने का संकल्प लिया।

यह कार्यक्रम आदिवासी समुदाय को एक संदेश दिया कि वे एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ सकते हैं और अपनी संस्कृति को बचा सकते है । ऐसे कार्यक्रम और समाज के महापुरुषों की जयंती हमेशा मनाते रहना चाहिए ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवमन सिंह रहे और अध्यक्षता गंगा सिंह परस्ते ने की। विशिष्ट अतिथियों में आदित्य नारायण धुर्वे (थाना प्रभारी मझगांवा, सुंदर लाल सिंह, शिवकैलाश मवासी , कमलेश सिंह, राजू सिंह , ब्रजभूषण सिंह, श्रीमती श्याम बाई मवासी , अतुल सेन , रामभदोई यादव , बेटालाल मवासी जी और अन्य उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में रामराज सिंह , हीरामन सिंह , चमन सिंह परस्ते , पंकज सिंह धुर्वे , ओमप्रकाश सिंह , पंकज सिंह पिंड्रो , शनि, बबलू, मनीष, सतेंद्र, पंकज, कौशलेंद्र, शिमल, नवीन, गणेश, महेंद्र, राहुल, मोहित और सुखेंद्र सहित जीएसयू के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।